राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक:प.14(52)RSMSSB/अर्थना/मा.शि./पु.अ.–III/पात्रता जांच/2017/1381 दिनांक : 13/4/18

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान अधीनस्थ एवं सेवा नियम 1971 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा के अन्य शर्ते) नियम 2014 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये पुस्तकालाध्यक्ष ग्रेड III के 562 (गैर अनुसूचित क्षेत्र 344 एवं अनुसूचित क्षेत्र 218) पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर दिनांक 21.09.2016 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। पुस्तकालाध्यक्ष ग्रेड III भर्ती परीक्षा 2016 का आयोजन दिनांक 13.11.2016 को किया गया था। बोर्ड द्वारा इस परीक्षा का परीक्षा परिणाम दिनांक 28.06.2017 को जारी कर दिया गया है। अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा किया गया था। पूर्व में की पात्रता की जांच में अपात्र गये एवं अन्तिम अवसर के बाद भी पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के स्थान पर वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से चयन किया गया है। बोर्ड द्वारा अपात्र रहें एव अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के स्थान पर गैर अनुसूचित क्षेत्र के 33 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 28 अभ्यर्थी का अस्थाई रूप से चयन किया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजो का सत्यापन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा दिनांक 05.02.2018 को किया गया जिसमें गैर अनुसूचित क्षेत्र के 5 अनुसूचित क्षेत्र 8 कुल 13 अभ्यर्थी पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहें है। बोर्ड ने पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहे 13 अभ्यर्थियों हेतु एक अंतिम अवसर दिये जाने का निर्णय लिया है। अतः पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III भर्ती परीक्षा–2016 में अनुपस्थित रहें निम्नलिखित 13 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने रोल के सामने अंकित दिनांक को प्रातः 10 बजे से **गुरूनानक भवन संस्थान, राधास्वामी सत्संग व्यास के सामने, 20 दुकान के पास, आदर्श नगर जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। अन्यथा आपका पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पद पर किया गया चयन अस्थाई रूप से निरस्त कर दिया जायेगा।

क्र. स.	रोल नम्बर	दिनांक
1.	**गैर अनुसूचित क्षेत्र** 110862 112481 101774 107033 106425	20.04.2018
2.	**अनुसूचित क्षेत्र** 105669 105716 105812 106498 105780 105806 106886 107090	20.04.2018

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2016 के लिये दिनांक 21.09.2016 को जारी विज्ञापन संख्या–07/2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ.बी0एल0 जाटावत)
अध्यक्ष